# यूपीईएस में सम्मेलन का आयोजन

देहरादून। यूपीईएस ने लीगल इंडस्ट्री के भविष्य और उच्च तकनीक के दौर में वकीलों के लिए उभरते अवसरों पर सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बांबे बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सीनियर एडवोकेट नितिन ठक्कर ने संबोधन दिया। यूपीईएस स्कूल ऑफ लॉ के डीन डॉ. अभिषेक सिन्हा ने नवीन तकनीकों पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने लीगल एजुकेशन का ग्लोबलाइजेशन, लीगल एजुकेशन में इनोवेशन, डिजिटल युग में लीगल इंडस्ट्री और एकेडेमिया के बीच अंतर को कम करना, लीगल एजुकेशन में एआई के उपयोग, टेक्नोलॉजी के साथ समन्वय और डिजिटल युग के लिए लीगल एजुकेशन को तैयार करना करना आदि विषयों पर प्रकाश डाला। संवाद